# जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक–22.04.2026 का कार्यवृत्त।

दिनांक 22.04.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 श्री जैपाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
2 श्री रामेश्वर निराला, सहायक अभियन्ता(SWSM), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4 श्री सी.एल. सोनकर, जिला संमन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी।
5 श्री ऋषिकेश नायक, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मेधज, टी0पी0आई0, मंझनपुर कौशाम्बी।
6 श्री श्रीप्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
7 श्री भूपेन्द्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या प्रस्तुत किया गया। जिसका अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवलोकन उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

तदोपरान्त दोनो सूचीबद्ध फर्मो के कार्यो की भौतिक प्रगति रिपोर्ट में अपेक्षाकृत सुधार प्रदर्शित न होने पर दोनो सूचीबद्ध फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक मैनपावर बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में उच्च जलाशय, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन एवं सड़क पुनर्स्थापना के कार्यो की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। जिन योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही हे उनसे नियमित सुबह–शाम शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाये।

(कार्यवाही–अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाएँ)

सूचीबद्ध फर्म मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा(जे0वी0)एवं मे0 के.पी.आई.एल. (जे0एम0सी0) को बैठक में दिये गये निर्देश :–

1. जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 353 नग के सापेक्ष 348 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कराया गया है एक नग नलकूप का बोरिगं का कार्य पूर्ण हो गया है, विकास कार्य प्रगति पर है शेष 04 नग नलकूपों को अगस्त माह से पहले पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।
2. मेसर्स मेधज टी0पी0आई0 को जनपद के सभी विकास खण्डों के 05–05 योजनाओं का निरीक्षण कर सड़क पुर्नस्थापना की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी कौशाम्बी को जनपद की 12 नग पेयजल योजनायें जिनका संचालन किया गया है उनका त्रिपक्षीय एग्रीमेन्ट शेष है उनपर ग्राम प्रधानों से अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।
4. जे0जे0एम0 पोर्टल पर संचालन एवं रख–रखाव की जा रही योजनायें जो डिस्कनेक्ट है उनको तत्काल लाइव करने के निर्देश दिये गये।
5. मेसर्स मेधज टी0पी0आई0 द्वारा फर्मो के विरूद्ध योजनाओं पर दर्शायी गयी कमियों को तत्काल कमियों को गुणवत्ता पूर्वक दूर कराने के के निर्देश दिये गये।
6. मेसर्स मेधज टी0पी0आई0 द्वारा फर्मो के विरूद्ध योजनाओं पर दर्शायी गयी कमियों को पी0पी0टी0 के माध्यम से अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
7. जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी योजनाओं के कैम्पस में सम्बन्धित अधिकारियों, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं पम्प आपरेटर के मोबाइल नम्बर दर्शाने हेतु सख्त निर्देश दिये गये।
8. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामों में जल परीक्षण कर रही FTK महिलाओं के मानदेय के भुगतान हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को उचित कार्यवाही कररते हुये दिनांक 15.05.2026 के पूर्व भुगतान कराने के निर्देश दिये गये।
9. जिन योजनाओं को फर्मो द्वारा माह मार्च एवं अप्रैल में पूर्ण किया गया है उन योजनओं का ट्रायल–रन शुरू किया जाये अधोहस्ताक्षरी द्वारा माह मई में निरीक्षण किया जायेगा।
10. आई0जी0आर0एस0 के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का ससमय गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिये गये।
11. जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिन योजनाओं पर मा0 उच्च न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिये गये है उनपर जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को मुख्य स्थायी अधिवक्ता मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद से सम्पर्क कर प्रभावी पैरवी करते हुये निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये।
12. आगामी बैठक से पेयजल की जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
कौशाम्बी।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी।

पत्रांक 1788 /जल जीवन मिशन/ W-74/ 117 दिनांक:– 24/04/26

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ कि नियमित अनुश्रवण/व्यक्तिगत ध्यान देते हुये दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन फर्मो से कराते हुये गुणवत्तापूर्ण ससमय कार्य कराना सुनिश्चित करें।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों के शत्–प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें।
4. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त टी0पी0आई0 कर्मचारी निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर व्यक्तिगत ध्यान देते हुये ,नियमित रूप से साइटों पर उपस्थित रह कर फर्मो से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें।इसमें किसी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाये।
5. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
VINOD RAM TRIPATHI
Date: 23-04-2026
18:06:56.

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।